दैनिक जागरण 18/05/2023

भाषण स्पर्धा में रिया अव्वल

जासं, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी में संस्कृति विभाग एवं रामायण प्रसार प्रतिष्ठान उपकेंद्र के सहयोग से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा रामायण श्लोकों का उच्चारण गाकर एवं रामायण पर वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। इस प्रतियोगिता में संस्कृत विभाग के तीनों वर्ष के विद्यार्थियों ने बढ-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए तृतीय वर्ष की रिया, दूसरा स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा संदीप कौर, तीसरा स्थान बीए द्वितीय वर्ष विष्णु प्रसाद और सांत्वना स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा शगुन और रितु (द्वितीय वर्ष) को प्राप्त हुआ।